कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-12.01.2025

विषय:- कुल 29.250 कि0ग्रा0 प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा के साथ 01 नफ़र अभियुक्त जियालाल निषाद को थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध/अपराधियों की रोकथाम व वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के कुशल नेतृत्व में थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त जियालाल निषाद पुत्र स्व0 गंगाराम निषाद निवासी त्रिदेव कालोनी सुप्रीम पब्लिक स्कूल चांदपुर थाना मंडुवाडीह जनपद वाराणसी को दिनांक-11.01.2025 को समय करीब 19.50 बजे मंगलेश्वर महादेव मंदिर मड़ौली से आगे डीएलडब्लू बाउन्ड्री के किनारे से कुल 29.250 कि0ग्रा0 प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ़्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-0016/2025 धारा 293,125,223 बी0एन0एस0 व 5/15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

जियालाल निषाद पुत्र स्व0 गंगाराम निषाद निवासी त्रिदेव कालोनी सुप्रीम पब्लिक स्कूल चांदपुर थाना मंडुवाडीह जनपद वाराणसी, उम्र करीब 58 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक 11.01.2025 को समय करीब 19.50 बजे मंगलेश्वर महादेव मंदिर मड़ौली से आगे डीएलडब्लू बाउन्ड्री के किनारे से।

बरामदगी का विवरण- कुल 29.250 कि0ग्रा0 प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0-0016/2025 धारा 293,125,223 बी0एन0एस0 व 5/15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 भरत उपाध्याय थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 अतुल कुमार सिंह थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
3. उ0नि0 चन्द्रकान्त थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
4. हे0का0 सियाराम थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
5. का0 गनेश कुमार थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।